फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट – कोतवाली मोहम्मदाबाद

दिनांक - 08.04.2026

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सनी पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ऊंची गधेडी थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

01. सनी पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ऊंची गधेडी थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़।

घटना का विवरण:- दिनांक 06.12.25 को अभियुक्तों द्वारा वादी के भाई को मारकर शव रेल की पटरी पर डाल देने के सम्बन्ध में वादी श्री समरपाल सिंह पुत्र शिवसिहं निवासी ग्राम ऊंची गधेड़ी थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा मा0 न्यायालय के समक्ष दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में मु0अ0सं0 38/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम सनी पुत्र शैलेन्द्र निवासी ग्राम ऊंची गधेड़ी थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ आदि 03 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त सनी उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण – अभियुक्त सनी उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे ही गांव का सत्यपाल जो दुकान चलाता था वह लोगों को रूपये भी ब्याज पर उधार देता था । मैं उसे अच्छी तरह से जानता था और दुकान पर भी सामान लेने आता-जाता रहता था। मोहित उर्फ अरूण पुत्र अशोपाल निवासी गढिया का सत्यपाल से करीब 50 हजार रूपयों का लेन-देन था जिस कारण मोहित बीच-बीच में मुझसे सत्यपाल को सबक सिखाने के लिए बोलता रहता था। घटना के दिन हम तीनो लोग शराब पी रहे थे । शराब के नशे में मैने तथा मोहित ने सत्यपाल को ट्रेन के आगे धक्का दे दिया था । मुझे माफ कर दो मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है।

अभियुक्त सनी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस थाना मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़।

गिरफ्तारी करने वाली कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल
2. उ0नि0 विनोद कुमार
3. का0 मनीष
4. का0 वीरेन्द्र

मीडिया सेल फतेहगढ़।